Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Technical Textile Park in Panipat, Haryana -laid.

श्री संजय भाटिया (करनाल): मेरा यह अनुरोध है कि सदियों पुराने समृद्ध एंव परंपरागत वस्त्र उदयोग के कारण, विश्व भर में भारत का अपना विशेष स्थान रहा है। लेकिन बदलते वक्त के साथ अब अंतरिक्ष विज्ञान, आटोमोबाइल्स, कृषि, रक्षा, चिकित्सा, खेल, भवन निर्माण, मत्स्य पालन आदि अनेक क्षेत्रों में साधारण टेक्सटाइल का स्थान टेक्निकल टेक्सटाइल अथवा स्मार्ट टेक्सटाइल ने ले लिया है। भारत में भी इसकी मांग दिनोदिन बढ़ रही है, जैसे कि चिकित्सा क्षेत्र में काम आने वाले दस्ताने, डायपर, मास्क, डिस्पोजेबल बेडशीट जैसे सुरक्षा किट के अलावा बुलेट प्रूफ जैकेट, स्नो बूट, अग्नि रोधी वस्त्र, खेलों के उपकरण, वाहनों की सीट बेल्ट, सीटकवर, मछली पकड़ने के जाल आदि टेक्जिकल टेक्सटाइल के उदाहरण है। इसके अलावा, पानीपत में एक टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क की स्थापना भी की जाए ताकि अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिले।